# यूपीईएस में प्रेसीडेंट्स कप का आयोजन

## दो दिवसीय कार्यक्रम में मेंटरशिप को बढ़ावा




● ट्रॉफी के साथ विनर्स.

**DEHRADUN (2 May):** खेल भावना, सामुदायिक जुड़ाव और समग्र विकास के जीवंत उदाहरण के रूप में यूपीईएस ने प्रेसिडेंट्स कप और एनुअल स्पोर्टस एक्सीलेंस अवार्डस का आयोजन किया. इन दोनों कार्यक्रमो ने नेतृत्व, मेंटरशिप और समावेशिता के मूल्यों पर आधारित एक समृद्ध स्पोर्ट्स कल्चर के निर्माण की दिशा में यूनिवर्सिटी की प्रतिबद्धता को दर्शाया. यूपीईएस के क्रिकेट ग्राउंड में प्रेसिडेंट्स कप का पहला संस्करण आयोजित किया. यह एक रोमांचक मैच था जिसमें स्टूडेंट्स की टीम-11 और फैकल्टी व स्टाफ की टीम-11 के बीच मुकाबला खेला गया.

### आर्यन, चित्रा बेस्ट प्लेयर

इस अवसर पर हाइड्रोकार्बन एजुकेशन एंड रिसर्च सोसाइटी के चेयरमैन डॉ. शरद मेहरा और यूपीईएस के प्रेसिडेंट डॉ. सुनील राय और कई लोग मौजूद रहे. मैच के अंत में विजेता टीम को रोलिंग ट्रॉफी दी गई. इस मौके पर डॉ. सुनील राय ने कहा कि यह पहल हमारी उस सोच कर विस्तार है जो पारंपरिक सीमाओं से परे जाकर सीखने को बढ़ावा देती है. क्रिकेट से आर्यन कपूर और वॉलीबॉल से चित्रा शर्मा को बेस्ट प्लेयर घोषित किया गया. स्कूल ऑफ बिजनेस और स्कूल ऑफ लिबरल स्टडीज व मीडिया टीम ट्राइडेंट टाइटन्स को इंटर स्कूल टूर्नामेंट की विजेता ट्रॉफी दी गई. इस मौके पर खेल विभाग के डायरेक्टर डॉ. अमरीश टोनीने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल जीतना नहीं, बल्कि अनुशासन, चरित्र और जीवन के लिए आवश्यक कौशल विकसित करना है.